दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

### आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 || Postal Registration No-055/Raigarh DN CG || रायगढ़, मंगलवार 21 सितंबर 2021 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-03, अंक- 353

## आयुष मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने जेएनपीटी से ड्वार्फ कंटेनर ट्रेन को झंडी दिखाकर रवाना किया

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन, जलमार्ग और आयुष मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने आज जवाहरलाल नेहरू पोर्ट ट्रस्ट (जेएनपीटी) से ड्वार्फ कंटेनर ट्रेन सेवा को वर्चुअली झंडी दिखाकर रवाना किया। इससे जेएनपीटी में ड्वार्फ कंटेनर डिपो (डीसीडी) से लदे ड्वार्फ कंटेनरों की पहली खेप ट्रेन द्वारा आईसीडी कानपुर रवाना हुई।जेएनपीटी से ड्वार्फ कंटेनर ट्रेन सेवाओं के कार्यान्वयन से इस बंदरगाह को तेजी से लाभ होने की उम्मीद है, क्योंकि डबल स्टैक्ड ड्वार्फ कंटेनरों के मार्फत निर्यात-आयात (एक्जिम) कार्गो की रेल की आवाजाही से निर्यात-आयात समुदाय को प्रतिस्पर्धात्मक लागत का लाभ उपलब्ध होगा। जिसके परिणामस्वरूप रेलमार्ग के माध्यम से बंदरगाह कार्गो यातायात में बढ़ोतरी होगी। ड्वार्फ कंटेनरों की ऊंचाई सामान्य आईएसओ कंटेनरों के मुकाबले 660 मिलीमीटर कम होती हैं,



जिसके कारण ये लॉजिस्टिक रूप से बेहतर है। ट्रेलर्स पर लदे ड्वार्फ कंटेनरों की ऊंचाई कम होने से ये ग्रामीण, अर्ध-शहरी और शहरी सड़कों पर सीमित ऊंचाई वाले सब-वे और विद्युतीकृत खंडों में लेवल क्रॉसिंग से आसानी से गुजर सकते हैं।

इसके अलावा, ड्वार्फ कंटेनर का डबल-स्टैक्ड होने पर आकार 67 प्रतिशत बढ़ जाता है और यह आईएसओ कंटेनर्स की 40 टन भार के मुकाबले 71 टन वजन ले जा सकते हैं। इसके अलावा, भारतीय रेलवे ने डबल स्टैक आईएसओ कंटेनर ट्रेनों की तुलना में ढुलाई लागत पर 17 प्रतिशत छूट देने का प्रस्ताव किया है, जिसके परिणामस्वरूप शिपर्स को कुल मिलाकर 33 प्रतिशत छूट मिलती है, जिससे भारतीय रेलवे प्रतिस्पर्धी हो जाती है। इस प्रकार ड्वार्फ कंटेनरों के माध्यम से रेल आवाजाही में एक्जिम लॉजिस्टिक लागत को घटाने की क्षमता है, इससे वैश्विक रूप से भारतीय निर्यात विश्व स्तर पर अधिक प्रतिस्पर्धी बन जाएगा।

उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए सोनोवाल ने कहा कि जेएनपीटी से ड्वार्फ कंटेनर ट्रेन सेवाओं की शुरुआत डबल-स्टैक्ड ड्वार्फ कंटेनरों के माध्यम से एक्जिम कार्गो की रेल द्वारा आवाजाही को अधिक व्यवस्थित करने की दिशा में उठाया गया एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि इससे जेएनपीटी को रेल-कार्गो यातायात को बढ़ाने के साथ-साथ अंतरक्षेत्र लॉजिस्टिक लागत को कम करके एक्जिम समुदाय को प्रतिस्पर्धात्मक लागत लाभ मिलेगा। सोनोवाल ने यह भी कहा कि ड्वार्फ कंटेनर पत्तन के अनुकूल है और इनका भारत में कम लागत पर निर्माण किया जा सकता है, जिससे मेक इन इंडिया के लिए नये अवसर उपलब्ध होंगे।

इस कदम से अधिक प्रतिस्पर्धी निर्यात को बढ़ावा मिलेगा और देश के निर्यात में भी बढ़ोतरी होगी। एक मजबूत लॉजिस्टिक्स क्षेत्र विनिर्माण क्षेत्र का दिग्गज बनने और मेक इन इंडिया को प्रोत्साहन देने के बारे में भारत की खोज को बढ़ावा देने के लिए लंबा रास्ता तय कर सकता है। इससे जेएनपीटी को गेट और सड़क पर भीड़भाड़ कम करने में मदद मिलेगी; डीपीडी में वृद्धि से शिपर्स के लिए लॉजिस्टिक लागत को और कम करने में भी सहायता मिलेगी। शिपिंग लाइन कंटेनरों के टर्नअराउंड समय में भी सुधार होगा एवं कंटेनरों की कमी के मुद्दों का भी समाधान होगा।

## भाजपा नेता व पूर्व विधायक युद्धवीर सिंह जूदेव का निधन

### » बैंगलुरू के अस्पताल में ली अंतिम सांस

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के भाजपा नेता और जशपुर कुमार युद्धवीर सिंह जूदेव का आज सुबह बैंगलुरु स्थित अस्पताल में निधन हो गया। बताया जा रहा है कि उनका करीब सप्ताहभर से उपचार चल रहा था। उन्हें लीवर सिरोसिस की परेशानी थी। बताया जा रहा है कि युद्धवीर सिंह जूदेव की दो दिन पहले हालत बिगड़ने की जानकारी सामने आई थी, लेकिन डॉक्टरों ने हालत स्थिर भी बताया था। आज सुबह करीब 4 बजे युद्धवीर सिंह ने अंतिम सांस ली।



बता दें कि जशपुर कुमार और छग के दिग्गज भाजपा नेता स्व. दिलीप सिंह जूदेव के निधन के बाद युद्धवीर खुलकर राजनीति में आए थे। भाजपा शासन में उन्होंने विधायक के तौर पर जीत हासिल की। उसके बाद डॉ. रमन सरकार में संसदीय सचिव की भूमिका का भी निर्वहन किया था। जशपुर राजघराने के सबसे छोटे बेटे युद्धवीर सिंह जूदेव ने जिला पंचायत सदस्य के तौर पर राजनीति में दाखिला लिया था, इसके बाद वे सक्रिय राजनीति में रहे। बता दें कि चंद्रपुर विधानसभा से वे दो बार विधायक चुने गए थे और उस पूरे इलाके में उनकी अच्छी पैठ भी थी।

बताया जा रहा है कि वे बीते कई दिनों से लिवर और किडनी के संक्रमण से जूझ रहे थे। बैंगलुरु के एक निजी अस्पताल में उनका उपचार काफी समय से चल रहा था, लेकिन हाल के दिनों में अचानक बिगड़ी स्थिति की वजह से डॉक्टर भी कुछ नहीं कर पाए और आज सुबह उनका देहावसान हो गया।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत नरेंद्र गिरि की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, फंदे से लटकी मिली लाश

**प्रयागराज (आरएनएस)।** अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत नरेंद्र गिरि का संदिग्ध परिस्थितियों में आज निधन हो गया। उनका शव बाघंबरी मठ में ही फांसी के फंदे से लटका मिला। मठ में चारों तरफ से गेट बंद थे। पुलिस ने शुरुआती जांच के आधार पर इसे आत्महत्या बताया है। आइजी रेंज केपी सिंह ने बताया कि फिलहाल यह फांसी लगाकर आत्महत्या का मामला लग रहा है। फोरेंसिक टीम को घटनास्थल पर बुलाया गया है। खबर पाकर मठ पर बड़ी संख्या में भक्त और श्रद्धालु भी पहुंच गए। संगम तट स्थित लेटे हनुमान मंदिर के महंत स्वामी नरेंद्र गिरि और उनके शिष्य चर्चित योग गुरू आनंद गिरि के बीच पिछले दिनों विवाद सुर्खियों में रहा है। आनंद गिरि को अखाड़ा परिषद तथा मठ बाघंबरी गद्दी के पदाधिकारी के पद से निष्कासित कर दिया गया था। तब दोनों ने एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप भी किए थे। तमाम साधु संत ने महंत नरेंद्र गिरि का समर्थन किया था। नरेंद्र गिरि ने कहा था कि आनंद गिरि माफी मांगे तब उनके बारे में कुछ सोचा जा सकता है। बाद में आनंद गिरि ने माफी मांग ली थी हालांकि उनका निष्कासन वापस नहीं किया गया। नरेंद्र गिरि ने आनंद गिरि पर कई गंभीर आरोप लगाए थे। इसके बाद आनंद गिरी ने अपने गुरु के खिलाफ मोर्चा ही खोल दिया था। उन्होंने मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति के पास पत्र लिखकर इस मामले में हस्तक्षेप करने की गुहार लगाई थी और अपनी जान का खतरा बताया था।

### यूनिवर्सिटी में छात्र ने ही साथियों पर ताबड़तोड़ गोलियां दागीं, 8 की मौत

**मास्को।** रूस की एक यूनिवर्सिटी में फायरिंग की खबर है। प्राथमिक जानकारी के मुताबिक इस फायरिंग में 8 छात्रों की मौत हो गई है। जान बचाने के लिए कई स्टूडेंट्स कई स्टूडेंट्स यूनिवर्सिटी की इमारत से कूद गए। कुछ ने खुद को कमरों में बंद कर लिया। घटना की वीडियो तेजी से वायरल हो रही है। हमलावर को मार गिराया गया है। हालांकि हमलावर की पहचान अभी उजागर नहीं की गई है। हालांकि रूस के गृह मंत्रालय ने पहले एक बयान में बताया था कि बंदूकधारी हमलावर को हिरासत में ले लिया गया है, बाद में उसके मारे जाने की खबर आई। इस पूरी घटना की जांच शुरू कर दी गई है। रूस के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया, गोलीबारी और इमारत से भागने की कोशिश में कुछ लोगों को चोटें आई हैं, उन्हें नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पर्म यूनिवर्सिटी रूस से 1,300 किलोमीटर दूर स्थित है। रूस की जांच एजेंसियों ने इस अपराध को गंभीर बताया है। हमलावर पर्म यूनिवर्सिटी का ही छात्र है। रूस में आमतौर पर हथियारों की खरीद-फरोख्त आसान नहीं है, लेकिन शिकार के शौकीन या स्पोर्ट्स एक्टिविटी करने वाले लोग इसे खरीद सकते हैं।

### लिज ट्रस, अमीरबदोल्लाहियन से करेंगी मुलाकात

**संयुक्त राष्ट्र।** ब्रिटेन की नवनियुक्त विदेश मंत्री लिज़ ट्रस ईरानी विदेश मंत्री होसैन अमीरबदोल्लाहियन से मुलाकात करें ईरान में ब्रिटिश बंदियों की रिहाई पर भी बात करेंगे। संयुक्त राष्ट्र में ब्रिटेन मिशन में यह जानकारी दी गई। ब्रिटेन मिशन ने कहा, विदेश मंत्री लिज़ ट्रस न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा में पहली बार अपने कई अंतरराष्ट्रीय समकक्षों से मुलाकात करेंगी, जिसमें ईरानी विदेश मंत्री अमीर अब्दुलाहियन भी शामिल हैं। सुश्री ट्रस ने कहा वह ईरान से ईरान में हिरासत में लिए गए ब्रिटिश नागरिकों की तत्काल और स्थायी रिहाई सुनिश्चित करने पर बात करेंगी और दोनों देशों के संबंधों को सुधारने के लिए साथ काम करना शुरू करने के लिए कहेंगी।

### हिंदू राष्ट्र की सर्वोच्च महिमा में विश्व कल्याण संभव : भागवत

**जयपुर (आरएनएस)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने उदयपुर में बौद्धिक समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि हिंदू राष्ट्र के सर्वोच्च गौरव में विश्व का कल्याण संभव है। सरल शब्दों में हिंदुत्व की व्याख्या करते हुए भागवत ने कहा, संघ के स्वयंसेवकों द्वारा कोरोना काल में किया गया निःस्वार्थ सेवा कार्य हिंदुत्व है क्योंकि इसमें कल्याण की भावना है।

## शिल्पा शेट्टी के पति राज कुंद्रा को मिली जमानत, 19 जुलाई से थे हिरासत में

**नई दिल्ली(आरएनएस)।** शिल्पा शेट्टी के पति और बिजनेसमैन राज कुंद्रा को 50000 रुपये के मुचलके पर जमानत मिल गई है। 18 सितंबर को राज ने कोर्ट में जमानत याचिका दायर करते हुए कहा था कि उन्हें बलि का बकरा बनाया जा रहा है। इससे पहले राज की कई बार जमानत याचिका खारिज हो चुकी थी। हाल ही में शिल्पा शेट्टी माता वैष्णो देवी के दर्शन के लिए गई थीं, जहां उन्होंने पैदल चढ़ाई की और माता का आशीर्वाद लिया। इसी दिन मुंबई की क्राइम ब्रांच टीम ने अदालत के सामने राज कुंद्रा और उनके सहयोगी रायन थोर्प के खिलाफ 1500 पन्नों की चार्टशीट दाखिल की थी। शिल्पा की इस यात्रा को राज की रिहाई से जोड़कर देखा जा रहा था। सोशल मीडिया पर उन्हें ट्रोल भी किया गया था।

राज कुंद्रा को 19 जुलाई की देर रात मुंबई पुलिस की क्राइम ब्रांच ने पोर्नोग्राफिक फिल्म रैकेट केस में गिरफ्तार किया था। इससे पहले उनके घंटों तक पूछताछ की गई थी। अगले दिन यानी 20 जुलाई को राज के आईटी सहयोगी रायन थोर्प को भी गिरफ्तार किया था। राज के साथ रायन थोर्प को भी जमानत मिली है।

इसके साथ ही शिल्पा ने इस दौरान ये भी कहा कि, मैं अपने काम में व्यस्त रहने की वजह से राज से कभी नहीं पूछती थी कि वह क्या काम कर रहे हैं। इसके अलावा राज भी मुझे अपने काम से जुड़ी बात कभी नहीं बताते थे। इस वजह से मुझे इस मामले में कुछ नहीं पता।

## जम्मू-कश्मीर के पूर्व एमएलसी हत्याकांड का मुख्य संदिग्ध जम्मू में गिरफ्तार

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर विधान परिषद के पूर्व सदस्य त्रिलोचन सिंह वजीर की हत्या के मुख्य संदिग्ध हरमीत सिंह को दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ ने जम्मू में गिरफ्तार किया है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय राजधानी के बसई दारापुर में नौ सितंबर को 67 वर्षीय वजीर एक फ्लैट के शौचालय में मृत पाए गए थे।



इससे पहले, दो अन्य आरोपियों की पहचान 67 वर्षीय बलबीर सिंह के रूप में हुई, जो गांधी नगर, जम्मू के प्रीत नगर के रहने वाले और 33 वर्षीय राजेंद्र चौधरी, सांभा, जम्मू के गागोर गांव से थे, जिन्हें पुलिस ने 15 सितंबर को गिरफ्तार किया और दिल्ली के सामने पेश किया। कोर्ट ने उन्हें 7 दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया है।

पुलिस के मुताबिक, राजेंद्र चौधरी ने पूछताछ में खुलासा किया था कि वजीर की तीन सितंबर को गोली मारकर हत्या की गई थी और घटना के वक्त चार और लोग मौजूद थे। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि नेकां के पूर्व नेता वजीर को भी मारे जाने से पहले नशीला पदार्थ दिया गया था।

वजीर 1 सितंबर को दिल्ली आया था और अपने परिचित हरप्रीत सिंह और जम्मू के मूल निवासी उसके दोस्त हरमीत सिंह के साथ बसई दारापुर इलाके में अपने किराए के फ्लैट में रह रहा था। वजीर 3 सितंबर को दो दिनों में कनाडा के लिए रवाना होने वाला था, लेकिन, जब वह 2 सितंबर को लापता हो गया, तो उसके परिवार ने जम्मू पुलिस से संपर्क किया, जिसने दिल्ली के अपने समकक्षों से लापता व्यक्ति की जांच करने का अनुरोध किया।

छह दिन बाद, 9 सितंबर को, उनका शव अत्यधिक क्षत-विक्षत अवस्था में मिला था।

इसके बाद कई टीमों का गठन किया गया और संदिग्धों को पकड़ने के लिए दिल्ली, पंजाब, हरियाणा और जम्मू-कश्मीर में तलाशी अभियान चलाया गया।

चौथा संदिग्ध हरप्रीत सिंह अभी भी फरार है और उसे पकड़ने के लिए छापेमारी की जा रही है।

## रक्षा मंत्री ने निमास टीम के माउंट कुन अभियान को झंडी दिखाकर किया रवाना

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 20 सितंबर, 2021 को नई दिल्ली में राष्ट्रीय पर्वतारोहण और संबद्ध खेल संस्थान (निमास) दिरांग, अरुणाचल प्रदेश की एक टीम को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस टीम ने माउंट कुन (7,077 मीटर) पर एक पर्वतारोहण अभियान पूरा किया है। संस्थान के निदेशक कर्नल सरफराज सिंह के नेतृत्व में टीम ने नून-कुन माउंटेन मासिफ तक अभियान चलाया, जो करगिल में स्थित ज़ांस्कर पर्वतमाला का सबसे ऊंचा पर्वत है।

कोविड-19 प्रतिबंधों के बीच प्रतिकूल मौसम की स्थिति में इस कार्य को सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए निमास की टीम को बधाई देते हुए, रक्षा मंत्री ने कहा कि इस तरह के अभियान युवाओं में साहस और देशभक्ति की



भावना को बढ़ावा देंगे। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस तरह के अभियान देश की रक्षा और सुरक्षा को मजबूत करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। इस तरह के आयोजनों के माध्यम से, हम सीमा सुरक्षा और इसकी चुनौतियों के बारे में अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। हमारी सेना ने इस तरह की गतिविधियों को बहुत प्रोत्साहन दिया है।

रक्षा मंत्री ने इस तरह की गतिविधियों को प्रोत्साहन दिये जाने की आवश्यकता पर जोर दिया और इनमें आम जनता की भागीदारी बढ़ाने का भी सुझाव दिया, क्योंकि यह पर्यटन, रोजगार, जानकारी प्राप्त करने और अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने में प्रमुख भूमिका निभा सकता है। उन्होंने इस तरह के प्रयासों में सरकार द्वारा हर संभव सहयोग दिये जाने का भी आश्वासन दिया।

राजनाथ सिंह ने तीनों क्षेत्रों अर्थात भूमि, वायु और जल में साहसिक पाठ्यक्रमों में प्रशिक्षण देने के लिए निमास की सराहना भी की। उन्होंने कहा कि यह संस्थान एकता और अखंडता का जीता जागता उदाहरण है। उन्होंने अभी हाल में म्यांमार, थाईलैंड, मलेशिया और सिंगापुर में माउंटेन टेरेन बाइकिंग अभियान आयोजित करने के लिए निमास की प्रसंशा की। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन न केवल खेल भावना को बढ़ावा देते हैं, बल्कि मित्र देशों के साथ भारत के संबंधों को भी मजबूत करते हैं। इस अवसर पर रक्षा मंत्री ने टीम के सदस्यों को भागीदारी के प्रमाण-पत्र दिये और शुभकामनाएं भी दीं।

यह अभियान 15 जुलाई, 2021 से 10 अगस्त, 2021 तक आयोजित किया गया था। यह पर्वत चोटी तकनीकी रूप से बहुत कठिन है और इसपर चढ़ाई में अनेक चुनौतियां शामिल रही। टीम ने शेरपाओं और पर्वतारोहियों की मदद लिए बिना अपने आप ही पूरा रास्ता खोल दिया था।

इस अभियान में 16 पर्वतारोही शामिल रहें, जिनमें सेना के नौ कर्मी और अरुणाचल प्रदेश के सात स्थानीय युवा इस पर्वतारोहण में शामिल थे।

## घुसपैठ की आशंका के बीच उरी में सेना का सर्च ऑपरेशन जारी

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारतीय सेना ने उत्तरी कश्मीर के उरी सेक्टर में कुछ संदिग्ध गतिविधियों का पता लगाने के बाद नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर तलाशी अभियान शुरू किया है। हालांकि, अभी तक कोई संपर्क स्थापित नहीं हुआ है, और सेना को यकीन नहीं है कि घुसपैठिए उरी में घुस गए हैं या पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में लौट गए हैं। रक्षा प्रवक्ता कर्नल एमरोन मसावी ने पुष्टि की है कि 18/19 सितंबर की रात को एलओसी पर संदिग्ध गतिविधि का पता चला था। उन्होंने कहा, क्षेत्र की तलाशी जारी है। इस साल उत्तरी कश्मीर में विशेष रूप से उरी, नौगाम, तंगदार, केरन, माछिल और गुरेज सेक्टरों से नियंत्रण रेखा पर घुसपैठ के प्रयासों में काफी गिरावट आई है। सेना के 19 पैदल सेना और 27 पैदल सेना डिवीजनों के अधिकारी, जो उरी से गुरेज तक नियंत्रण रेखा पर नजर रखने के लिए जिम्मेदार हैं, ने भी नियंत्रण रेखा के पार से घुसपैठ के प्रयासों में गिरावट को स्वीकार किया है। उत्तरी कश्मीर में तैनात सेना के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, गार्ड को कम नहीं किया जा सकता क्योंकि हम नहीं जानते कि चीजें कब अस्थिर हो सकती हैं। हमारे जवान लगातार निगरानी में हैं। यह एलओसी पर कड़ी निगरानी है जिसने घुसपैठ के प्रयासों को रोका है।

## निर्यातकों की सहायता के लिए 24 घंटे चलने वाली हेल्पलाइन शुरू करेगी सरकार - पीयूष गोयल

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** पीयूष गोयल ने आज वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के लिए अमृत महोत्सव सप्ताह के राष्ट्रव्यापी समारोह के शुभारंभ के अवसर पर कहा, सरकार निर्यातकों की सहायता और समस्याओं के समाधान के लिए 24 घंटे चलनेवाली हेल्पलाइन को संस्थागत रूप देने जा रही है।

आजादी का अमृत महोत्सव के तहत सेज नोएडा में वाणिज्य शपथ के शुभारंभ के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीयूष गोयल ने कहा कि हमारा उद्देश्य ब्रांड इंडिया को गुणवत्ता, उत्पादकता, प्रतिभा और नवाचार का प्रतीक बनाना है। उल्लेखनीय है कि वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय आजादी



का अमृत महोत्सव समारोह के हिस्से के रूप में प्रगतिशील भारत के 75 साल का उत्सव मनाने के लिए, आज देश भर में 7 दिनों तक चलने वाले विशेष कार्यक्रम की शुरूआत कर रहा है।

गोयल ने कहा कि उत्तर प्रदेश ने औद्योगिक विकास और निर्यात में सराहनीय प्रगति की है। यूपी में कानून और व्यवस्था में सुधार से व्यापार करना बहुत आसान और सुरक्षित हो गया है।

उन्होंने कहा कि अगले 25 वर्षों के लिए संयुक्त रूप से एक रोडमैप तैयार करने और विश्व व्यापार में भारत को अग्रणी देश बनाने के लिए योगदान देने की आवश्यकता है।

मंत्री ने कहा कि सामाजिक क्षेत्र के सुधारों ने विकास को कल्याणकारी बना दिया है। स्वास्थ्य कार्यक्रमों का बड़े पैमाने पर विस्तार, शौचालयों का निर्माण आदि एक बड़ी सफलता है और इन सभी ने विकास को समावेशी बनाया है।

घरों में बिजली और रसोई गैस की उपलब्धता ने देश के उन करोड़ों नागरिकों के जीवन पर एक असाधारण असर डाला है, जिन्हें पहले कभी ये लाभ नहीं मिले थे।

गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का आजादी का अमृत महोत्सव का आह्वान हमारे स्वतंत्रता सेनानियों और स्वतंत्रता आंदोलन के प्रति श्रद्धांजलि है और यह हमारे लिए नए जोश, उमंग और उत्साह को प्रेरित करने और उसे फिर से जगाने का अवसर है।

केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि 'वाणिज्य सप्ताह' एक अखिल भारतीय चरित्र का प्रतीक है और यह जन-आंदोलन और जन-भागीदारी की भावना को प्रतिबिंबित करेगा।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने वाणिज्य सप्ताह को 'आजादी का अमृत महोत्सव' के पांच स्तंभों- यानी स्वतंत्रता संग्राम, विचार ञ्च 75; उपलब्धियां ञ्च 75; कार्य ञ्च 75; और संकल्प ञ्च 75 - के इर्द-गिर्द केन्द्रित किया है। इस सप्ताह के दौरान आयोजित की जाने वाली कुछ गतिविधियों में शामिल हैं -

आत्मनिर्भर भारत को उजागर करते और एक आर्थिक शक्ति के रूप में भारत के उभार को दर्शाते हुए विभिन्न हितधारकों, राज्यों और लोगों की भागीदारी के लिए समावेशी गतिविधियां

खेत से विदेशी भूमि तक पर केंद्रित विभिन्न सत्र (चाय बागान के 10 लाख से अधिक प्रतिभागी)

सभी 739 जिलों को कवर करते हुए 'वाणिज्य उत्सव

ईपीसी द्वारा प्रत्येक राज्य/केन्द्र - शासित प्रदेश में 35 निर्यात संवर्धन से जुड़े कार्यक्रम / प्रदर्शनियां पूर्वोत्तर क्षेत्र में आभासी निवेशक शिखर सम्मेलन

250 विशेष आर्थिक क्षेत्रों (एसईजेड) द्वारा स्वच्छता अभियान और वृक्षारोपण

पांच राष्ट्रीय संगोष्ठियों/प्रदर्शनियों एवं राष्ट्रीय निबंध प्रतियोगिताओं आदि का आयोजन

गोयल ने कहा कि 75 साल पहले सभी ने स्वराज्य पाने के लिए काम किया था, अब सभी को आत्मनिर्भर बनने के लिए मिशन मोड में काम करना होगा। इस मिशन के सूत्रधार के रूप में मोदी सरकार ने समावेशी विकास के लिए कई सुधार किए हैं।